दिनांकः 15.10.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में **विश्व दूरसंचार मानक** सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन–190 देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने **राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट** के लिए जर्मनी को पार्टनर कंट्री बनने के लिए किया आमंत्रित।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज जयपुर दौरे पर।
- राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने 70 भर्ती परीक्षाओं का कैलेंडर किया जारी।

..............

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में विश्व दूरसंचार मानक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। डब्ल्यूटीएसए का आठवां संस्करण भारत मण्डपम में आयोजित किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ–आईटीयू के इतिहास में पहली बार यह प्रतिष्ठित वैश्विक कार्यक्रम भारत और एशिया–प्रशांत क्षेत्र में हो रहा है। ये कार्यक्रम दूरसंचार, डिजिटल और आईसीटी क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले 190 से अधिक देशों के तीन हजार से ज्यादा उद्योगपतियों, नीति निर्माताओं और तकनीकी विशेषज्ञों को एक साथ एक मंच पर लेकर आएगा। इसके तहत 6जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आई.ओ.टी., बिग डेटा और साइबर सुरक्षा तथा अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। यह सम्मेलन भविष्य की प्रौद्योगिकियों के लिए दिशा निर्धारित करने का काम करेगा।

..............

चुनाव आयोग आज महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा करेगा। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में दोपहर साढे तीन बजे आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेन्स में आयोग ये ऐलान करेगा। राज्य में सात विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव की घोषणा की भी संभावना है।

..............

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिसम्बर में होने वाली 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के लिए जर्मनी को 'पार्टनर कंट्री' बनने के लिए आमंत्रित किया है। मुख्यमंत्री की अगुवाई में राज्य सरकार का उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल जर्मनी के दौरे पर है। उन्होंने कल बवेरिया राज्य चांसलरी के प्रमुख और संघीय मामलों के राज्य मंत्री डॉ. फ्लोरियन हरमन से म्यूनिख में मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने नीमराणा जापानी निवेश क्षेत्र की तर्ज पर राजस्थान में जर्मन निवेशकों के लिए एक विशेष निवेश क्षेत्र स्थापित करने की भी पेशकश की। इस बैठक के दौरान बवेरिया और राजस्थान के बीच स्किल्ड मैनपावर की जरुरतों को पूरा करने के लिए लिए आपसी साझेदारी पर भी विचार विमर्श किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने म्यूनिख के डॉयचेस म्यूजियम का दौरा कर जयपुर के अल्बर्ट हॉल संग्रहालय तथा डॉयचेस म्यूजियम के बीच आपसी सहयोग पर भी चर्चा की। वहीं जर्मन कम्पनी एसएफसी एनर्जी एजी ने राजस्थान में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश करने में रुचि दिखाई है।

..............

प्रदेश में होने वाली इन्वेस्टमेंट समिट को लेकर अब तक 12 लाख 75 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इसे सफल बनाने के लिए राज्य सरकार बड़े पैमाने पर देशी और विदेशी निवेशकों, संस्थाओं और कॉरपोरेट जगत के शीर्ष अधिकारियों से लगातार बैठकें कर रही है। जिससे प्रदेश में व्यापक स्तर पर निवेशक आकर्षित हों और और 'विकसित राजस्थान' के लक्ष्य को आगे बढ़ाया जा सके। इसके तहत अब तक दिल्ली, मुंबई, सियोल, टोक्यो, ओसाका, दुबई, अबूधाबी, दोहा और सिंगापुर में इन्वेस्टर रोड शो आयोजित किये जा चुके हैं। इस तीन दिवसीय मेगा समिट का उद्देश्य देश–विदेश की बड़ी–छोटी कंपनियों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और निवेशकों को राज्य में आ कर काम

करने के लिए आमंत्रित करना, प्रदेश में विभिन्न तरह के उद्योग–धंधे लगाने में मदद करना और अन्य सुविधाएँ मुहैया कराना है।

..............

जोधपुर जिले में मथानिया गांव के पास मेगा एग्रो फूड पार्क बनाया जाएगा। ये पार्क केन्द्र सरकार के सहयोग से बनाया जाएगा। इससे कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। हमारे जोधपुर संवाददाता ने बताया कि इसके लिए अक्षय ऊर्जा निगम से तीन सौ बीघा जमीन ली गई है।

..............

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज एक दिवसीय दौरे पर जयपुर आएंगे। श्री धनखड़ बिड़ला सभागार में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के लिए आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्‌घाटन सत्र में शामिल होंगे।

..............

चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने अधिकारियों को मौसमी बीमारियों की रोकथाम में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने चिकित्सा विभाग के सभी अधिकारी और कार्मिकों को पूरी मुस्तैदी के साथ जिम्मेदारी निभाने की बात कही। श्री खींवसर कल जयपुर में आयोजित बैठक में प्रदेश में मौसमी बीमारियों की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों से ग्रसित रोगियों को तत्काल प्रभाव से जांच और उपचार उपलब्ध करवाया जाए। चिकित्सा मंत्री ने ज्यादा मामले वाले जिलों में टीमें और संसाधन बढ़ाकर बीमारियों के प्रसार को नियंत्रित करने के निर्देश दिए।

..............

डीग जिले में डिप्थीरिया के प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से हाई अलर्ट जारी किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी विजय सिंघल ने बताया कि एएनएम और आशा सहयोगिनियों को घर–घर जाकर टीकाकरण करने और स्कूलों तथा आंगनबाडी केन्द्रों पर डिप्थीरिया की जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आमजन से इस संक्रामक रोग के बचाव के लिए टीका लगवाने की अपील की है।

..............

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने 70 भर्ती परीक्षाओं का कैलेंडर जारी कर दिया है। ये परीक्षाएं अक्टूबर 2024 से जून 2026 के दौरान आयोजित होंगी। जारी कैलेंडर में परिणामों की संभावित तारीख भी बताई गई है। इसके अनुसार इस साल अक्टूबर से दिसम्बर तक 11 भर्ती परीक्षाएं, साल 2025 में 54 और 2026 में 5 भर्ती परीक्षाएँ होंगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अगले एक साल में प्रदेश में पचास हजार से ज्यादा भर्तियों का ऐलान किया था। इसे देखते हुए बोर्ड ने भर्ती परीक्षाओं का संशोधित कैलेंडर जारी किया है।

..............

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने कल नई दिल्ली में विभिन्न केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात की। श्री राठौड़ ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, रेल और संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल से भेंट की। श्री राठौड़ ने बताया कि श्री गडकरी से मुलाकात के दौरान राजस्थान में सड़क मार्ग को ओर बेहतर करने के साथ आमजन को जाम से निजात दिलाने के लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार करने पर चर्चा की गई। इस दौरान जयपुर से किशनगढ छह लेन हाइवे पर बढ़ते यातायात को देखते हुए सर्विस लेन शीघ्र पूरा करने का आग्रह किया। श्री राठौड़ ने रेल मंत्री से राजस्थान में रेलवे तंत्र को मजबूत करने के लिए और कुछ प्रमुख मार्गों पर नई रेल लाइन शुरू करने की मांग भी रखी।

..............

शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के तहत मिलावटखोरी के खिलाफ प्रदेशभर में कार्रवाई की जा रही है। अजमेर में कल खाद्य सुरक्षा की टीम ने करीब दो सौ किलो खराब सूखे मेवे नष्ट करवाए। राजधानी जयपुर में भी विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने इकट्ठे कर जांच के लिए भेजे गए।

..............

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 अक्टूबर को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी।

..............